प्रेस प्रकाशनी

01.10.2019

महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड कार्यालयों में नवंबर, 2018 से निरंतर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया है जिसमें ऑस्कर विनिंग फिल्म "गांधी" का प्रदर्शन, कविता पाठ प्रतियोगिताएं, "नई तालीम पर बात-चीत", गांधी जी की कृतियों व उनके जीवन-आदर्शों पर आधारित पुस्तकों पर विचार-विमर्श आदि शामिल हैं| इसी कड़ी में, महात्मा गांधी के जीवन और कार्यों से प्रेरित होकर बोर्ड द्वारा अपने सभी कार्यालयों में दिनांक 01.10.2019 को निम्न विविध पहल और कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं:

1. खादी वस्त्रों का प्रयोग
2. सर्वधर्म प्रार्थना सभा
3. नई तालीम पर चर्चा
4. नैतिक मूल्यों पर चर्चा
5. जल संरक्षण पर चर्चा
6. स्वच्छता अभियान
7. पौधारोपण
8. जूट बैग वितरण

बोर्ड कार्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान सभी अधिकारीगण और स्टाफ सदस्यों ने सामूहिक तौर पर गांधी जी के शिक्षा, सत्य, अहिंसा, खादी प्रयोग, स्वच्छता, सत्याग्रह, अस्पृश्यता अभिशाप इत्यादि के बारे में विचार और आदर्श साझा किए और व्यक्तिक और सामाजिक विकास के लिए गांधी जी के उत्तम आदर्शों का अनुसरण करने की प्रतिबद्धता जताई|

सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने सभी आयोजित कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सीबीएसई परिसर और शाखाओं में स्वच्छता क्रियाकलाप किए|

अनुराग त्रिपाठी
सचिव, सीबीएसई

"शिक्षा केन्द्र", 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली – 110092
"Shiksha Kendra", 2, Community Centre, Preet Vihar, Delhi - 110 092
फोन / Telephone : +91-11-22509256, 22509257 वेबसाइट/Website: www.cbse.nic.in